**SURENDERA DENTAL COLLEGE & RESEARCH INSTITUTE**
An Enterprise of : Late Smt. Vidyawanti Labhu Ram Foundation for Science Research & Social Welfare

दिनांक :– 06.06.2025

## प्रैस नोट

### विश्व पर्यावरण दिवस समारोह

सुरेन्द्रा डेन्टल कॉलेज एण्ड रिसर्च इन्स्टीटयूट श्री गंगानगर में दिनांक 05.06.2025 को विश्व पर्यावरण दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया । इस अवसर पर छात्रों और स्टाफ में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढाने के लिए कई गतिविधियॉ आयोजित की गई जैसे कपडे का थैला बनाना, पक्षियों के लिए दाना पानी रखने वाला बर्तन बनाना और प्राकृति की फोटों खीचना । इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ चढ कर भाग लिया । कॉलेज परिसर में छात्रों, स्टाफ एवम प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया एंवम हरियाली बढानें का सदेंश दिया ।

इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन श्री सूरज अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गौरव गुप्ता, एग्जीक्यूटीव डायरेक्टर श्रीमति निशा गुप्ता, ट्रस्टी श्री मिहिर अग्रवाल एंवम डायरेक्टर प्रिंसिपल डा0 सन्दीप कुमार ने दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।

सुरेन्द्रा डेन्टल कॉलेज एण्ड रिसर्च इन्स्टीटयूट की प्रबंधन समिति द्वारा कहा गया कि यह संस्था पर्यावरण की रक्षा के लिए हमेश आगे रही है और भविष्य में भी आगे रहेगी ।

इस कार्यक्रम के आयोजन में डा0 सूरूची सूखिजा विभागाध्यक्ष का विशेष सहयोग रहा ।

सादर प्रकाशनार्थ
दैनिक.................................

(डा0 सन्दीप कुमार)
डायरेक्टर प्रिंसिपल

His Highness Gardens, Sri Ganganagar- 335001 Rajasthan (India)
+91-154 - 2480077, 2440903 +91-154 - 2440102 gorav@sgi.org.in www.surenderadentalcollege.com